# छह महीने से फरार अफीम सप्लायर नोखा के हिम्मटसर में गिरफ्तार


नोखा थाना पुलिस ने चित्तौड़गढ़ के फरार अफीम सप्लायर को नोखा के हिम्मरटसर में गिरफ्तार किया।

- चित्तौड़गढ़ के पुलिस थाना चंदेरिया में 2 किलो 800 ग्राम अफीम के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर थाना गंगरार को सूचना दी
- आरोपी पिछले 6 माह से फरार चल रहा था, नोखा में फरारी काटने की सूचना मिलने पर नोखा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया

**नोखा,**(कासं)। नोखा थाना पुलिस ने चित्तौड़गढ़ के पुलिस थाना चंदेरिया के 2 किलो 800 ग्राम अफीम के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया व आगे की कार्रवाई के लिए अनुसंधान अधिकारी पुलिस थाना गंगरार को सूचना दी। आरोपी पिछले 6 माह से फरार चल रहा था। नोखा में फरारी काटने की सूचना मिलने पर नोखा पुलिस ने उक्त कार्रवाई की है।

थानाधिकारी हंसराज लूणा ने बताया कि मांझूओ का बास हिम्मटसर निवासी सुनील मांझू जो पुलिस थाना चंदेरिया जिला चित्तौड़गढ़ में अवैध मादक पदार्थ अफीम 2 किलो 800 ग्राम अफीम के प्रकरण में एनडीपीएस एक्ट में छः माह से फरार था। जो मादक पदार्थ सप्लायर है। जिसको पुलिस थाना नोखा की टीम द्वारा ग्राम हिम्मटसर से डिटेन कर अग्रिम कार्रवाई के लिए अनुसंधान अधिकारी थानाधिकारी पुलिस थाना गंगरार जिला चित्तौड़गढ़ को सूचित किया गया है।

कार्रवाई में नोखा थानाधिकारी हंसराज लूणा, हैड कानि. पांचाराम, कानि. गणेश गुर्जर, विकास, मूलाराम, राजेश, विजेन्द्र, दिलीपदास, कुलदीप, कर्मवीर शामिल थे।

**दो बाइक चोर गिरफ्तार :** हनुमानगढ़ जिले की टाउन पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो बाइक चोरों को पकड़ने के सफलता हासिल की है। पकड़े गए दोनों चोरों पर पहले भी बाइक चोरी के प्रकरण दर्ज है। पुलिस ने चोरों से चोरी गई बाइक भी बरामद की है। पुलिस दोनों से पूछताछ में जुटी हुई है।

चोरों को पकड़ने में हैड कांस्टेबल मनीष बिश्नोई की अहम भूमिका रही। हनुमानगढ़ टाउन थाना अधिकारी रामचंद्र कस्वां ने बताया कि एसपी विकास सांगवान के निर्देश पर चोरी के दर्ज प्रकरणों में जल्द खुलासे के लिए थाना स्तर पर अलग-अलग टीमों का गठन कर मामलों की ट्रेस आउट करने का निर्देश दिया गया था। जिसके तहत दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे एक चोरी शुदा बाइक बरामद की है।

टाउन थानाधिकारी रामचन्द्र कस्वां के नेतृत्व में थाना स्तर पर हैड कांस्टेबल मनीष कुमार मय टीम का गठन कर चोरी की वारदात को ट्रेस आउट करने के प्रयास शुरू किये गये। टीम द्वारा तकनीकी सहायता, घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज चैक किये गये व मानवीय आसूचना संकलन की गई। पूर्व के सम्पत्ति संबंधी चालानशुदा अपराधियों को चैक किया गया।

उक्त दोनों बाइक की चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपीगण जोगेन्द्र सिंह व जगराज को गिरफ्तार किया गया है। जिनसे चोरी गई बाइकों को बरामद किया है।

थानाधिकारी ने बताया कि 29 अगस्त 2024 को परवेज पुत्र मोहम्मद असलम निवासी वार्ड 32 प्रेमनगर हनुमानगढ़ टाउन ने रिपोर्ट दी कि राजकीय अस्पताल टाउन से 18 अगस्त 2024 को कोई अज्ञात व्यक्ति उसका सीटी 100 बाइक चोरी कर ले गया। इस मामले में पुलिस ने जोगेन्द्र सिंह उर्फ बबू (30) पुत्र जगन सिंह बावरी निवासी वार्ड 9 साबुआना पीएस टिब्बी को गिरफ्तार किया है।

वहीं 11 जून 2024 को कुलदीप सिंह पुत्र बोहड सिंह बाजीगर, निवासी अबोहर पंजाब ने रिपोर्ट दी कि भद्रकाली मेला की पार्किंग से उसकी स्पलेंडर बाइक पीबी 22 एन 3308 को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। इस मामले में पुलिस ने जगराज उर्फ राजवीर उर्फ राज उर्फ सोनू (23) पुत्र हरदेव सिह जटसिख, निवासी वार्ड 20 नहरी कॉलोनी सादुलशहर, जिला श्रीगंगानगर को गिरफ्तार किया है।

दोनों मामलों को ट्रेस आउट कर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में हैड कांस्टेबल मनीष, कांस्टेबल महंगा सिंह, गंगाविशन, मनीष, जितेन्द्र और विनोद शामिल रहे। मामले में विशेष भूमिका मनीष कुमार की रही।

## 'मच्छरों को पनपने से रोकें'

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। मौसमी बीमारियों और डेंगू से बचाव के लिए जिले में रविवार को 'हर रविवार, करें मच्छरों पर वार' थीम पर जागरूकता दिवस मनाया जायेगा।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने जिलावासियों से अपील की है कि रविवार का दिन सार्थक करते हुए बच्चे व अभिभावक मिलकर कूलर, गमले, डिग्गी व छत पर पड़े खाली टायर, मटके आदि की सफाई करें। अपने आस-पास पानी एकत्रित न होने दें ताकि मच्छर न पनपें। विभाग की ओर से एंटीलार्वल गतिविधियां जारी है और आमजन को जागरूक भी किया जा रहा है।

सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार मच्छर जनित बीमारियों को रोकने के लिए एंटीलार्वल गतिविधियां कर रही हैं। फिर भी बिना आमजन की भागीदारी के मच्छरों को पैदा होने से नहीं रोका जा सकता। क्योंकि एडिज जैसे मच्छर साफ पानी में, खासकर घरों में पनपते हैं। इसलिए जरूरी है कि आमजन अपना कर्तव्य निभाते हुए इस अभियान में अपना योगदान दें और नियमित रूप से स्वच्छता को अपनाएं। मुख्यतः रविवार के दिन को जागरूकता दिवस के रूप में मनाते हुए घर, घर के भीतर रखे पानी के स्रोत एवं आस-पास के स्रोतों को साफ करें। सीओआईईसी विनोद बिश्नोई ने बताया कि घर में कूलर, फ्रिज के पीछे की ट्रे, गमले, डिग्गी व छत पर पड़े खाली टायर व मटकों आदि की सफाई करें।

## सार-समाचार

### जानलेवा हमले के आरोपी गिरफ्तार


नोखा के गांव हिम्मतसर में जानलेवा हमला व मारपीट के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**नोखा,** (कासं)। पुलिस ने देर शाम जानलेवा हमले और मारपीट के मामले मे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटा रही है। थानाधिकारी हंसराज लूणा ने बताया कि 7 जुलाई को हिम्मतसर निवासी भंवरसिंह ने एक मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया कि उसके भाई गुलाबसिंह और रिछपाल बिश्नोई ने 7 जुलाई को ग्राम पंचायत के सामाजिक कार्यक्रम के दौरान अपनी गाड़ी से हिम्मतसर गांव की गुवाड़ में पहुंचकर वहां बाबूलाल से मुलाकात की। बाबूलाल ने ग्राम पंचायत के कागजात करवाने की बात की, लेकिन उसी समय बाबूलाल, उसकी पत्नी और बेटा, साथ ही सहीराम, रामेश्वर और ओमप्रकाश बिश्नोई ने हाथ में बर्छी, लाठी और सरिया लेकर गाड़ी को घेर लिया। आरोप है कि उन्होंने जबरदस्ती फाटक खोलकर गुलाबसिंह को गाड़ी से नीचे गिरा दिया और जान से मारने की नीयत से मारपीट की। रिछपाल बिश्नोई ने बीच बचाव किया, लेकिन उसके साथ भी हाथापाई की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए नोखा थाना ने एक टीम गठित की और त्वरित कार्रवाई करते हुए सहीराम और रामेश्वर लाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई में नोखा पुलिस के थानाधिकारी हंसराज लूणा, हैड कांस्टेबल पांचाराम, कांस्टेबल गणेश गुर्जर, विकास, मूलाराम, राजेश, विजेंद्र, दिलीप दास, कुलदीप, और कर्मवीर शामिल थे।

### चित्रों से दिया नशा न करने का संदेश


हनुमानगढ़ में स्कूली बच्चों ने नशा मुक्ति के लिए चित्र उकेर कर नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले में नशा मुक्ति अभियान की कमान शनिवार को स्कूली विद्यार्थियों ने संभाली। जिला कलेक्टर कानाराम के निर्देशानुसार शनिवार को स्कूलों में नशा मुक्ति पर चित्रकला प्रतियोगिता हुई। इसमें उत्साहित बच्चों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में सफेद शीट पर नशे की रोकथाम और नशे को जड़ से समाप्त करने के लिए रंगों से चित्र उकेरे। उन्होंने पेंटिंग से नशा मुक्त अभियान को गति प्रदान की। पेंटिंग में बताया कि नशे की लत से पूरा परिवार और समाज बिखरता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को रोकथाम में अपनी भागीदारी निभानी होगी। नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों एवं जागरूकता को लेकर प्रेरक संदेश लिखते हुए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। बच्चों ने बताने का प्रयास किया कि कैसे मादक पदार्थों का हमारे जीवन में प्रवेश होता है और अंत बड़ा दुखदायी होता है। बच्चों ने नशे से होने वाली बीमारियों को आर्थिक नुकसान को भी उकेरा। इस अवसर पर बच्चों और शिक्षकों ने नशे से दूर रहने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर कई विद्यालयों में प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिन्हें अभिभावकों और अन्य विद्यार्थियों ने देखी। एक दूसरे से नशा मुक्त समाज को लेकर संवाद भी किया।

### खेल सप्ताह का समापन

**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय विधि महाविद्यालय बीकानेर के प्राचार्य प्रोफेसर भगवान राम विश्नोई ने बताया कि युवा मामले और खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में आयोजित हो रहे खेल सप्ताह आज समापन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉक्टर बिश्नोई ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास में सहायक होते है। खेलों से विद्यार्थियों के शारीरिक सामाजिक एवं नैतिक विकास को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत डीडीपी मुरलीधर उपाध्याय ने छात्रों से संवाद करते हुए कहा कि हम खेलों के द्वारा स्वस्थ और शरीर को तंदुरुस्त बनाए रख सकते हैं। महाविद्यालय की सहायक आचार्य एवं खेल सप्ताह के प्रभारी डॉक्टर किशन लाल ने बताया कि आज अंतिम दिन बैडमिंटन, शतरंज, लंगड़ी टांग एवं पहल दूज जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खेल विभाग, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान के निर्देशानुसार 26 से 31अगस्त तक खेल दिवस के अवसर पर आज रामपुरिया जैन विधि महाविद्यालय के रासेयों स्वयंसेवकों तथा विद्यार्थियों के बैडमिंटन, रस्साकस्सी, चैस तथा टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

# बीकानेर-दिल्ली फ्लाइट अब सप्ताह में तीन दिन भरेगी उड़ान

- बीकानेर-दिल्ली वाया जयपुर फ्लाइट के फेरों में बढ़ोतरी से ना केवल यात्रियों को मिलने वाली सुविधा में इजाफा होगा बल्कि उन्हें दूसरे राज्यों की फ्लाइट भी आसानी से मिल सकेगी

**बीकानेर,** (कासं)। हवाई यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। बीकानेर से दिल्ली वाया जयपुर जाने वाली फ्लाइट अब सप्ताह में तीन दिन नाल एयरपोर्ट से उड़ान भरेगी। इससे पहले यह सप्ताह में दो दिन सोमवार और शुक्रवार को उड़ान भरती थी। अब यह प्रत्येक बुधवार को भी बीकानेर-दिल्ली वाया जयपुर के बीच उड़ेगी।

बीकानेर सांसद एवं केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल इस संबंध में लंबे समय से प्रयासरत थे, कि बीकानेर से दिल्ली के बीच उड़ान भरने वाली फ्लाइट के फेरों की संख्या बढ़े। इस संबंध में नाल एयरपोर्ट अधिकारियों ने इसकी अधिकारिक घोषणा कर दी। फ्लाइट के फेरों में की गई बढ़ोतरी के बाद सोमवार की रूटीन फ्लाइट होगी।

बुधवार 11 सितम्बर से नए फेरे की पहली फ्लाइट नाल एयरपोर्ट से उड़ान भरेगी। बता दें वर्तमान में बीकानेर से दिल्ली वाया जयपुर फ्लाइट का संचालन एलाइंस एयर कंपनी कर रही है। नाल एयरपोर्ट से बीकानेर-दिल्ली वाया जयपुर फ्लाइट के समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। केवल उसके फेरे सप्ताह में दो से बढ़ाकर तीन किए गए हैं।

एलाइंस एयर कंपनी के ट्रैफिक प्रबंधक जोरावर सिंह चौहान ने बताया कि फ्लाइट दिल्ली से दोपहर 12.45 बजे रवाना होगी, जो जयपुर दोपहर 1.40 बजे पहुंच जायेगी।

यही फ्लाइट जयपुर से बीकानेर के लिए दोपहर 2.10 बजे बीकानेर के लिए उड़ान भरेगी, जो बीकानेर नाल एयरपोर्ट दोपहर 3.10 बजे बीकानेर पहुंचेगी।

बीकानेर से दिल्ली या जयपुर जाने वाले यात्रियों के लिए नाल एयरपोर्ट से फ्लाइट का समय दोपहर 3.35 बजे रहेगा। यह फ्लाइट जयपुर शाम 4.35 बजे पहुंचेगी। वहां से दिल्ली के लिए शाम 5 बजे फ्लाइट उड़ान भरेगी, जो दिल्ली शाम 6.05 बजे पहुंच जायेगी।

स्टेशन प्रबंधक जोरावर सिंह चौहान ने कहा कि फ्लाइट के फेरों में बढ़ोतरी होना अच्छे संकेत हैं।

बीकानेर सांसद अर्जुनराम मेघवाल वर्तमान फ्लाइट के फेरों में बढ़ोतरी और नए राज्यों के लिए फ्लाइट शुरू करने के लिए प्रयासरत थे। बीकानेर-दिल्ली वाया जयपुर फ्लाइट के फेरों में बढ़ोतरी से ना केवल यात्रियों को मिलने वाली सुविधा में इजाफा होगा बल्कि उन्हें दूसरे राज्यों की फ्लाइट भी आसानी से मिल सकेगी।

राजेंद्र सिंह बघेल, डायरेक्टर, नाल एयरपोर्ट, बीकानेर का कहना है कि फिलहाल बीकानेर-दिल्ली वाया जयपुर की फ्लाइट के फेरों में बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के प्रयासों से जल्द ही फ्लाइट की संख्या में भी बढ़ोतरी हो सकेगी।

## पशु गणना के लिए प्रशिक्षण

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। 21वीं पशु गणना के अंतर्गत प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के लिए शनिवार को प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण जिला श्रीगंगानगर के क्षेत्र के लिए संयुक्त निदेशक कार्यालय पशुपालन विभाग श्रीगंगानगर में संपन्न हुआ। कार्यशाला में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों ने भाग लिया।

इस अवसर पर पशु गणना के महत्व और प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। यह गणना सितम्बर से दिसम्बर 2024 के बीच की जायेगी, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न पशुओं की संख्या और उनकी स्थिति का आंकलन किया जायेगा। प्रशिक्षण सत्र के दौरान संयुक्त निदेशक डॉ. नरेश गुप्ता, डॉ. हरविंद्र वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, डॉ. पंकज सिहाग ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी श्रीगंगानगर, डॉ. अच्छर गोयल ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी पदमपुर, डॉ. सुरेंद्र ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी सूरतगढ, डॉ. हीरालाल ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी करणपुर ने उपस्थित प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को महत्वपूर्ण निर्देश और जानकारी प्रदान की। उन्होंने इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए आवश्यक कदमों पर बल दिया।

# दो लाख की लूट का पर्दाफाश

- बैंक से दो लाख रूपए निकाल, खुद और पत्नी के खाते में जमा कराए फिर लूट की मनगढंत कहानी बनाई

**बीकानेर,** (कासं)। यहां खाजूवाला में दो दिन पहले हुई लूट की वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। जिस शख्स ने खुद के साथ दो लाख रूपए की लूट का दावा किया था। स्वयं उसी ने दो लाख रूपए बैंक से निकालकर अपने और अपनी पत्नी के खाते में जमा करा दिए थे। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो सारे मामले का पर्दाफाश हो गया।

28 अगस्त को 11 केवाईडी के पास सड़क पर एक शख्स ने खुद के साथ दो लाख रूपए की लूट होना बताया था। उसने पुलिस को बताया कि सड़क पर उसके साथ दो लाख रूपयों की लूट हो गई है। बताया गया कि तीन युवकों ने मिलकर उसके हाथ से दो लाख रूपए लूट लिए। पुलिस ने इस सूचना को गंभीरता से लिया। थानाधिकारी बलवंत कुमार ने मामले की छानबीन करते हुए बैंक व कस्बे में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए। खाजूवाला तथा घटना स्थल के आस-पास के सीसीटीवी कैमरे चैक किये गये लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। घटना के महज 24 घंटे के अन्दर मामले का खुलासा हो गया।

पुलिस ने सीसीटीवी में कुछ नहीं मिलने पर बैंक खातों को खंगाला। तब पता चला कि स्वयं को पीड़ित बता रहे कृष्ण कुमार ने दो लाख रूपए अपने पिता राजेंद्र कुमार के खाते से निकाले। फिर अपने खाते में एक लाख रूपए जमा कराए और शेष एक लाख अपनी पत्नी निर्मला के खाते में जमा करा दिए।

उसके बाद में बाजार से मिर्ची पाऊडर लेकर चक 11 केवाईडी में सुनसान जगह में स्वयं के साथ अपने ऊपर मिर्ची पाऊडर डालकर मनगढंत झूठी कहानी बनाकर राहगीरों को घटना के बारे में बताया है। कृष्ण कुमार ने स्वीकार किया है कि रुपए उसने अपने व पत्नी के खाते में जमा कराकर नोटंकी की थी।

# नए कॉलेज राजसेस के तहत ही खोलने पर रोष

**बीकानेर,** (कासं)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर इस सत्र में नए महाविद्यालयों, विषयों एवं संकायों को राजसेस के तहत ही खोलने पर रोष व्यक्त किया है।

संगठन के महामंत्री प्रो. सुशील कुमार बिसू ने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार ने 2020 से 2023 के मध्य ताबड़तोड़ 303 नवीन राजकीय महाविद्यालयों तथा नवीन संकायों को राजसेस सोसायटी के तहत खोलकर राज्य की उच्च शिक्षा को गर्त में पहुंचा दिया। नई सरकार के गठन के समय संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से संपर्क कर इस संबंध में सभी तथ्यों के साथ विस्तृत चर्चा की थी।

बैठक में उन्हें अवगत करवाया था कि पिछली सरकार का यह निणर्य न केवल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मूल अवधारणा के विरूद्ध है, बल्कि इस निर्णय से राज्य की उच्च शिक्षा पतन की ओर धकेल दी गई है। मुख्यमंत्री ने तथ्यों की गंभीरता को देखते हुए राजसेस के तहत खोले गए महाविद्यालयों के निर्णय की समीक्षा के लिए एक हाई पावर समिति का गठन किया था, जिसने अपनी रिपोर्ट जून माह में ही दे दी थी।

## घुमन्तु जनजाति मुक्ति दिवस मनाया

**बीकानेर,** (कासं)। विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु जनजाति शनिवार को मनाया

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एलडी पंवार ने बताया कि बावरी, कंजर, सांसी, बावरिया, नट, भाट, गाडिया लुहार, रेबारी, बंजारा आदि जातियों के उत्थान एवं विकास के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर घुमन्तु समुदाय के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। गाडिया लौहार मोहल्ला विकास समिति के अध्यक्ष भवानी शंकर गाडिया लौहार ने गाडिया लौहार जाति पहचान पत्र बनाने की मांग की।

# निगम और यूआईटी की शिकायतों का सबसे कम निपटारा : कलेक्टर

- सम्पर्क पोर्टल की शिकायतों की समीक्षा में हुआ ये खुलासा

**बीकानेर,** (कासं)। जिले से जुड़ी छोटी-बड़ी समस्याओं और शिकायतों के निवारण के लिए सम्पर्क पोर्टल को और मजबूत किया जा रहा है। जिला कलेक्टर नमृता वृष्णि ने कहा है कि सम्पर्क पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के निवारण में किसी भी तरह की लापरवाही हुई तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारी पर कार्रवाई की जायेगी।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने संपर्क पोर्टल पर राजभवन और मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त लंबित प्रकरणों का निस्तारण अगले दो दिन में करने के निर्देश दिए। प्रकरण बेवजह लंबित रहने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की आयोजित समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर ने यह निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने सम्पर्क पोर्टल पर 90 और 180 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों को सवीच्च प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए। परिवादों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए एवं प्रार्थी को संतुष्टिजनक जवाब दिया जाए, जिससे उन्हें राहत मिल सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को संपर्क पोर्टल की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान पाया गया कि स्थानीय निकाय, बिजली विभाग, नगर निगम, यूआईटी, पीएचईडी के सर्वाधिक प्रकरण लंबित हैं।

जिला कलेक्टर ने कहा कि पोर्टल पर कम से कम प्रकरण स्वत अग्रेषित हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

# मानव प्रकृति से न केवल दूर हो रहा बल्कि उसके रस को भी नकारता जा रहा है : रंगा



प्रज्ञालय संस्थान एवं राजस्थानी युवा लेखक संघ की ओर से आयोजित 'काव्य रंगत-शब्द संगत' को वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा ने संबोधित किया।

- काव्य रंगत-शब्द संगत की चौथी कड़ी पेड़ पर केन्द्रित आयोजित की गई

**बीकानेर,** (कासं)। प्रज्ञालय संस्थान एवं राजस्थानी युवा लेखक संघ की ओर से अपनी मासिक साहित्यिक श्रृंखला 'काव्य रंगत-शब्द संगत' की चौथी कड़ी का आयोजन नत्थूसर गेट बाहर स्थित लक्ष्मीनारायण रंगा सृजन सदन में राजस्थानी के वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा की अध्यक्षता में हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा ने कहा कि आज का यथार्थ प्रकृति और मानव-राग दोनों से उदासीन होकर अपने आप में बहुत जटिल और क्रूर हो गया है। वह प्रकृति से न केवल दूर होता जा रहा है, बल्कि उसके रस को भी नकारता जा रहा है। जिससे उसका अपना जीवन समृद्ध होता रहा है। ऐसी विकट स्थितियों में प्रकृति पर केन्द्रित हिन्दी, उर्दू और राजस्थानी की नव काव्य रचनाओं का आयोजन महत्वपूर्ण ही नहीं आज कविता और साहित्य की मांग भी है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवियत्री डॉ. कृष्णा आचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजन मानव को प्रकृति से रूबरू तो कराते ही है। साथ ही ऐसे आयोजन के माध्यम से आज पेड़ पर केन्द्रित रचनाओं से प्रकृति की विविध भंगिमाओं और क्रियाकलापों और उसके सौन्दर्य से हम साक्षात्कार करते हैं। ऐसे आयोजन के लिए आयोजक संस्था साधुवाद की पात्र है। प्रारंभ में सभी का स्वागत करते हुए वरिष्ठ शिक्षाविद् राजेश रंगा ने कार्यक्रम के महत्व बताते हुए अगली पांचवी कड़ी प्रकृति के महत्वपूर्ण अंग समुद्र पर केन्द्रित रहेगी।

काव्य रंगत में पेड़ की सौरम और उसकी विभिन्न व्याख्या करते हुए कविता, गीत, हाइकू और गजल के माध्यम से शब्द की संगत में पेड़ की सौरम महकी। कवि कमल रंगा ने अपनी पेड़ पर केन्द्रित कविता में सासां री साची सरगम है दरखत/जीवण जथारथ राग है दरखत.... प्रस्तुत की।

वहीं वरिष्ठ शायर जाकिर अदीब ने अपनी ताजा गजल के शेर- आखिर तुम ही बताओ अदीब/किसको पुकारे प्यासे पेड़...। इसी क्रम में वरिष्ठ शायर वली गौरी ने अपनी गजल-जो लगाए गए चाहतों के शजर..... पेश की।

# आभा आई.डी. बनाने में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : सिंगला


गंगानगर कलेक्टर लोकबंधु ने वी.सी. के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की।

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के लक्ष्य एवं प्रगति को लेकर शनिवार को जिला स्तरीय वीडियो कांफ्रेंसिंग आयोजित की गई।

जिला कलेक्टर लोकबंधु के निर्देशों पर सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने सभी बीसीएमओ एवं अन्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कार्यों में लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी। सीएमएचओ डॉ. सिंगला ने बताया कि जिले में आभा आईडी बनाने का कार्य प्रगति पर है लेकिन कुछ क्षेत्र में कार्य धीमा चल रहा है, ऐसे में उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि आगामी एक सप्ताह में कार्य सुधारें अन्यथा संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह आयुष्मान कार्ड एवं ई केवाईसी कार्य में साप्ताहिक प्रगति अपेक्षित है अन्यथा इस मामले में भी कार्रवाई होगी।

मौसमी बीमारियों की समीक्षा करते हुए सीएमएचओ डॉ. सिंगला ने कहा कि घर घर सर्वे और एंटी लार्वा गतिविधियां तेज की जाए। डेंगू आदि बीमारी के सामने आने पर सघन निरीक्षण एवं आवश्यक गतिविधियां की जाए। आमजन को मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक किया जाए। वहीं राजश्री योजना एवं जेएसवाई के पेंडिंग केस निपटाने के लिए अधिकारियों को पाबंद किया गया। टीकाकरण में कम प्रगति वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। वीसी में टीबी, स्वाबलंबन पोर्टल, एसएपी पोर्टल और एनसीडी कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान डिप्टी सीएमएचओ डॉ. कर्ण आर्य, डीपीएम विपुल गोयल मौजूद थे।